# तरलता कवरेज अनुपात – प्रकटीकरण

| विवरण | | 01.07.2025 से 30.09.2025 तक (औसत) | |
|---|---|---|---|
| | | कुल अभारित मूल्य | कुल भारित मूल्य |
| | **उच्च गुणवत्ता तरलता परिसंपत्ति (एचक्यूएलए)** | | |
| | | | |
| **1** | कुल उच्च गुणवत्ता तरलता परिसंपत्ति | **3,698.12** | **3,428.92** |
| | | | |
| | **नकदी बहिर्वाह** | | |
| **2** | डेरिवेटिव एक्सपोजर और अन्य कोलेटरल अपेक्षाओं से संबंधित बहिर्वाह | 91.05 | 104.71 |
| **3** | अन्य संविदागत निधिगत दायित्व | 7,395.30 | 8,504.59 |
| **4** | अन्य आकस्मिक निधिगत दायित्व | 971.26 | 1,116.95 |
| **5** | **कुल नकदी बहिर्वाह** | **8,457.61** | **9,726.25** |
| | | | |
| | **नकदी अंतर्वाह** | | |
| **6** | लाइन ऑफ क्रेडिट- क्रेडिट या लिक्विडिटी सुविधा या अन्य आकस्मिक निधिगत दायित्व | 15,201.71 | 11,401.28 |
| **7** | पूर्ण निष्पादक एक्सपोजर से अंतर्वाह | 13,555.78 | 10,166.84 |
| **8** | अन्य नकदी अंतर्वाह | 6,479.45 | 4,859.58 |
| **9** | **कुल नकदी अंतर्वाह** | **35,236.94** | **26,427.70** |
| | | | |
| | | | **कुल समायोजित मूल्य** |
| **10** | **कुल एचक्यूएलए** | | **3,428.92** |
| **11** | **कुल निवल नकदी बहिर्वाह** [(कुल भारित नकदी बहिर्वाह) - न्यूनतम (कुल भारित नकदी बहिर्वाह या कुल भारित नकदी अंतर्वाह) का 75%] | | **2,431.56** |
| **12** | **तरलता कवरेज अनुपात** | | **141.02%** |

# तरलता कवरेज अनुपात – प्रकटीकरण

आरबीआई ने दिनांक 4.11.2019 के परिपत्र के माध्यम से एनबीएफसी के लिए लिक्विडिटी जोखिम प्रबंधन को कवर करने वाले दिशानिर्देश जारी किए, जिसमें आरबीआई ने सभी गैर-जमा लेने वाली एनबीएफसी पर लागू लिक्विडिटी कवरेज अनुपात (एलसीआर) स्थापित किया, जिनकी परिसंपत्ति का आकार 5,000 करोड़ रुपए से अधिक है। दिशानिर्देशों का उद्देश्य एलसीआर के संदर्भ में एक लिक्विडिटी बफर बनाए रखना है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनके पास अगले 30 कैलेंडर दिवसों तक रहने वाले किसी भी तीव्र लिक्विडिटी दबाव परिदृश्य से बचने के लिए पर्याप्त उच्च गुणवत्ता लिक्विड परिसंपत्ति (एचक्यूएलए) है। दिशानिर्देश के अनुसार, एलसीआर को अगले 30 कैलेंडर दिनों में कुल निवल नकदी बहिर्वाह (दबावग्रस्त बहिर्वाह घटाएं दबावग्रस्त अंतर्वाह) से विभाजित करके उच्च गुणवत्ता लिक्विड परिसंपत्ति (एचक्यूएलए) के स्टॉक द्वारा दर्शाया जाता है। एचक्यूएलए को आरबीआई द्वारा लिक्विड परिसंपत्तियों के रूप में परिभाषित किया गया है जिसे आसानी से बेचा जा सकता है या मूल्य में कोई हानि हुए बिना तुरंत नकदी में परिवर्तित किया जा सकता है या दबावग्रस्त स्थितियों में निधियां प्राप्त करने के लिए कोलेटरल रूप में उपयोग किया जा सकता है।

कंपनी ने 50% की न्यूनतम एलसीआर की निर्धारित अपेक्षा के निमित्त दिनांक 01.12.2020 से एलसीआर अपेक्षा का अनुपालन किया है, जो 1 दिसंबर 2024 तक उत्तरोत्तर 100% के अपेक्षित स्तर तक बढ़ रहा है। कंपनी द्वारा एचक्यूएलए को बैंकों के पास चालू खाते और पात्र प्रतिभूतियों में शेष के रूप में बनाए रखा जा रहा है। कंपनी एलसीआर का रखरखाव केवल आईएनआर में कर रही है; अतः कोई मुद्रा बेमेल नहीं है। 30.09.2025 को समाप्त तिमाही के लिए, डाटा को तिमाही में दैनिक अवलोकनों के साधारण औसत के रूप में प्रस्तुत किया गया है।